**शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार**
**अभ्यास पत्र**
**कक्षा XII**
**अर्थशास्त्र (030)**
**सत्र - (2025-26)**


**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक – 80**

**सामान्य निर्देश:**

1. इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं:-

**खण्ड: क (समष्टि अर्थशास्त्र)**
**खण्ड: ख (भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास)**

2. इस प्रश्न पत्र में 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं और प्रत्येक 1 अंक का हैं।
3. इस प्रश्न पत्र में 4 अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं और तीन अंक के हैं और इनमें से प्रत्येक के उत्तर 60 से 80 शब्दों में दीजिए।
4. इस प्रश्न पत्र में 6 लघुउत्तरीय प्रश्न हैं और चार अंक के हैं इनमें से प्रत्येक के उत्तर 80 से 100 शब्दों में दीजिए।
5. इस प्रश्न पत्र में 4 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं और छः अंक के हैं इनमें से प्रत्येक के उत्तर को 100 से 150 शब्दों में दीजिए।

<table>
<tr><th>प्रश्न संख्या</th><th>खण्ड: क (समष्टि अर्थशास्त्र)</th><th>अंक</th></tr>
<tr><td>1</td><td>उपभोग वक्र आरेख के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौनसा कथन सत्य है जब उपभोग वक्र (C) आय रेखा से ऊपर है?<br>

<br>
**(सही विकल्प का चयन कीजिए ।)**<br>
**विकल्प: -**<br>
क) औसत बचत प्रवृत्ति (APS) ऋणात्मक है।<br>
ख) औसत उपभोग प्रवृत्ति (APC) एक के बराबर है।<br>
ग) बचत धनात्मक है।<br>
घ) आय, उपभोग से अधिक है।<br><br>
**दृष्टि -बाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या (1) के स्थान पर:-**<br><br>
यदि सीमांत बचत प्रवृत्ति (MPS) 0.4 है और स्वायत्त उपभोग ₹200 करोड़ है, तो सम-स्तर बिन्दु पर प्रयोज्य आय का स्तर क्या होगा?<br>
**(सही विकल्प का चयन कीजिए।)**<br>
**विकल्प:-**<br>
क) ₹500 करोड़<br>
ख) ₹800 करोड़<br>
ग) ₹200 करोड़<br>
घ) ₹1,000 करोड़</td><td>1</td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| 2 | यदि वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) ₹18,000 करोड़ है और GDP अवस्फीतिक 120 है, तो मौद्रिक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का मूल्य क्या होगा?<br>**(सही विकल्प का चयन कीजिए।)**<br>**विकल्प:-**<br>क) ₹15,000 करोड़<br>ख) ₹14,400 करोड़<br>ग) ₹21,600 करोड़<br>घ) ₹19,200 करोड़ | 1 |
| 3 | दिए गए कथन में मुद्रा के कार्य की पहचान कीजिए :-<br>"सभी वस्तुओं और सेवाओं का मूल्य मौद्रिक इकाई के रूप में अभिव्यक्त किया जा सकता है।"<br>**(सही विकल्प का चयन कीजिए।)**<br>**विकल्प:-**<br>क) स्थगित भुगतान का मान<br>ख) विनिमय माध्यम<br>ग) मूल्य भंडार<br>घ) लेखा इकाई | 1 |
| 4 | निम्नलिखित कथनों को पढिये - कथन (1) और कथन (2), दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए ।<br><br>**कथन (1)** - घरेलू मुद्रा की मूल्यवृद्धि तब होती है जब तिरती विनिमय दर प्रणाली के अंतर्गत विनिमय दर कम हो जाती है।<br>**कथन (2**) - स्थिर विनिमय दर प्रणाली के अंतर्गत केंद्रीय बैंक विनिमय दर के निश्चित स्तर को बनाए रखने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए बाध्य है।<br><br>**विकल्प:**<br>क) कथन (1) सत्य है लेकिन कथन (2) असत्य है।<br>ख) कथन (1) असत्य है लेकिन कथन (2) सत्य है।<br>ग) कथन (1) और कथन (2) दोनों सत्य हैं।<br>घ) कथन (1) और कथन (2) दोनों असत्य हैं। | 1 |
| 5 | सरल अर्थव्यवस्था में, निम्नलिखित में से कौनसा प्रवाह वस्तुओं और सेवाओं का प्रवाह फर्मों से परिवारों तक तथा कारक सेवाओं का प्रवाह परिवारों से फर्मों तक बतलाता है :-<br>**(सही विकल्प का चयन कीजिए।)**<br>**विकल्प:-**<br>क) वास्तविक प्रवाह।<br>ख) साख प्रवाह।<br>ग) स्टॉक प्रवाह।<br>घ) मौद्रिक प्रवाह | 1 |
| 6 | निम्नलिखित में से किस स्थिति में स्फीतिक अंतराल होता है?<br>**(सही विकल्प का चयन कीजिए।)**<br>**विकल्प:-**<br>क) अधिकतम उत्पादन क्षमता के बिंदु पर समग्र पूर्ति समग्र माँग से अधिक होती है।<br>ख) प्रत्याशित समग्र माँग, यथार्थ समग्र माँग से कम होती है।<br>ग) पूर्ण रोजगार स्तर पर वास्तविक समग्र माँग, समग्र पूर्ति से कम होती है।<br>घ) प्रत्याशित समग्र माँग, पूर्ण रोजगार प्राप्त करने के लिए समग्र पूर्ति से अधिक होती है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 7 | निम्नलिखित कथनों को पढ़िये - कथन (1) और कथन (2), दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए ।<br><br>**कथन (1)** - उत्पादक द्वारा सभी मध्यवर्ती वस्तुओं का उपभोग उसी वर्ष अन्य वस्तुओं के उत्पादन के लिए किया जाता है।<br>**कथन (2)** - अंतिम वस्तुएँ सदैव, वे होती हैं जो अंतिम उपभोक्ता द्वारा खरीदी जाती हैं।<br><br>**विकल्प:**<br>क) कथन (1) सत्य है लेकिन कथन (2) असत्य है।<br>ख) कथन (1) असत्य है लेकिन कथन (2) सत्य है।<br>ग) कथन (1) और कथन (2) दोनों सत्य हैं।<br>घ) कथन (1) और कथन (2) दोनों असत्य हैं। | 1 |
| 8 | (table below)<br>उपरोक्त दी गई जानकारी के आधार पर, वह घटक जिसे मुद्रा आपूर्ति (M1) के आंकलन में शामिल नहीं किया जाना चाहिए, वह है :-<br>**(सही विकल्प का चयन कीजिए।)**<br>**विकल्प:**<br>क) (i)<br>ख) (ii)<br>ग) (iii)<br>घ) (iv) | 1 |
| 9 | निम्लिखित कथनों को पढ़िये – अभिकथन (A) और कारण (R)- सही विकल्प का चयन कीजिए ।<br><br>**अभिकथन (A)** - किसी दूसरे देश को मशीन की बिक्री, देश के भुगतान संतुलन के पूँजी खाते में दर्ज की जाती है।<br>**कारण (R)** - पूँजी खाता उन सभी लेन-देनों को रिकॉर्ड करता है जो किसी देश के निवासियों या सरकार की परिसंपत्तियों या देनदारियों में परिवर्तन का कारण बनते हैं।<br>**विकल्प:-**<br>(क) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और दिया गया कारण, अभिकथन की सही व्याख्या करता है \|<br>(ख) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और दिया गया कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं करता है \|<br>(ग) अभिकथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है \|<br>(घ) अभिकथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है \| | 1 |
| 10 | भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) अधिनियम किस वर्ष पारित किया गया था?<br>**(सही विकल्प का चयन कीजिए।)**<br>**विकल्प:**<br>(क) 1934<br>(ख) 1935<br>(ग) 1947<br>(घ) 1950 | 1 |

Table for question 8:

| क्रम संख्या | मदें | राशि (करोड़ में) |
|---|---|---|
| (i) | जनता के पास नकद (करेंसी) | 400 |
| (ii) | वाणिज्यिक बैंकों के पास शुद्ध माँग जमाएँ | 350 |
| (iii) | RBI के पास अन्य जमाएँ | 100 |
| (iv) | वाणिज्यिक बैंकों के पास शुद्ध सावधि जमाएँ | 200 |

| | | |
|---|---|---|
| 11 | एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था के लिए, मान लीजिए केवल दो फर्म (A और B) हैं जिनका सकल मूल्य वृद्धि (GVA) समान है।<br><br>निम्नलिखित आंकड़ों के आधार पर फर्म (B) के मध्यवर्ती उपभोग का मूल्य ज्ञात कीजिए । | 3 |

| **क्रम संख्या** | **मदें** | **राशि (करोड़ में)** |
|---|---|---|
| (i) | फर्म B की बिक्री | 800 |
| (ii) | फर्म A द्वारा फर्म B से की गई खरीद | 200 |
| (iii) | फर्म B द्वारा आयात | 100 |
| (iv) | फर्म B के स्टॉक में परिवर्तन | (-)50 |
| (v) | फर्म A का GVA | 500 |

| | | |
|---|---|---|
| 12 | (A) "केन्द्रीय बैंक के पास मुद्रा जारी करने का एकमात्र अधिकार है, जो लेन-देन में दक्षता को बढ़ावा देता है और स्थिरता सुनिश्चित करता है।"<br>मौद्रिक प्राधिकरण' कार्य के साथ दिए गए कथन की पुष्टि कीजिए।<br><br>**अथवा**<br><br>(B) "उच्च आरक्षित अनुपात, वाणिज्यिक बैंकों की अर्थव्यवस्था में साख सृजन क्षमता को कम कर देता है।" मुद्रा गुणक की अवधारणा के संदर्भ में दिए गए कथन की व्याख्या कीजिए। | 3<br><br><br><br><br>3 |
| 13 | (A) श्री राहुल, एक भारतीय निवासी, ने एक विदेशी विश्वविद्यालय से छात्रवृत्ति राशि और अपने बॉन्ड निवेश पर ब्याज प्राप्त किए। उचित कारण सहित श्री राहुल को प्राप्त आय को कारक आय तथा हस्तांतरण आय में वर्गीकृत कीजिए।<br>**अथवा**<br>(B) "आय विधि के अंतर्गत, किसी अर्थव्यवस्था के घरेलू क्षेत्र के भीतर सभी उत्पादक इकाइयों द्वारा अर्जित कारक आय को जोड़कर घरेलू आय ($NDP_{FC}$) का अनुमान लगाया जा सकता है।"<br>दिए गए कथन के संदर्भ में प्रचालन अधिशेष के घटकों की व्याख्या कीजिए। | 4<br><br><br><br>4 |
| 14 | देश 'X' के एक सामान्य निवासी श्री शमी को, देश 'Y' में रहने वाले अपने चाचा से उपहार के रूप में ₹50,000 मिले। उसी वर्ष, देश 'X' की सरकार ने भुगतान संतुलन (BoP) आधिक्य का प्रबंधन करने के लिए अपने स्वर्ण भंडार का एक महत्वपूर्ण भाग बेच दिया।<br>उपरोक्त दोनों प्रकार के लेन-देनों की प्रकृति (स्वायत्त मद/समायोजक मद) की पहचान कीजिए और उचित तर्कों सहित उत्तर की पुष्टि कीजिए। | 4 |
| 15 | प्रत्याशित समग्र माँग और प्रत्याशित समग्र पूर्ति की अवधारणाओं को परिभाषित कीजिए। प्रत्याशित समग्र पूर्ति, प्रत्याशित समग्र माँग से अधिक होने पर समायोजन क्रियाविधि की व्याख्या कीजिए। | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| 16 | (A)<br><br>(I) मान लीजिए किसी अर्थव्यवस्था में, सीमांत बचत प्रवृत्ति (MPS) 0.4 है। सरकार ने ₹800 करोड़ का अतिरिक्त निवेश किया। आय में कुल परिवर्तन (△Y) और निवेश गुणक (k) का मान ज्ञात कीजिए।<br>(II) "औसत उपभोग प्रवृत्ति (APC) एक से अधिक हो सकती है, किन्तु सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) कभी भी एक से अधिक नहीं हो सकती।" दिए गए कथन की उचित तर्कों सहित उत्तर की पुष्टि कीजिए।<br><br>**अथवा**<br><br>(B)<br>(I) स्वायत्त उपभोग को परिभाषित कीजिए। दिए गए बचत फलन से उपभोग फलन व्युत्पन्न कीजिए: $S = -\bar{C} + (1\text{-}b)Y$.<br><br>(ii) प्रत्याशित समग्र माँग ज्ञात कीजिए, जब स्वायत्त निवेश और उपभोग व्यय ($\bar{A}$) ₹50 करोड़ है, और MPS 0.2 है तथा आय का स्तर (Y) ₹400 करोड़ है। बताइए कि अर्थव्यवस्था संतुलन में है या नहीं। | 3<br><br>3<br><br><br><br>3<br><br><br>3 |
| 17 | दिए गए **अनुच्छेद को ध्यान पूर्वक पढ़िए और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।**<br><br>भारत ने अपनी राजकोषीय सुदृढ़ीकरण यात्रा में उल्लेखनीय प्रगति की है, और वित्त वर्ष 2023-24 के वास्तविक आंकड़ों में राजकोषीय घाटे (FD) को सकल घरेलू उत्पाद के 5.6% तक सफलतापूर्वक कम किया है। यह उपलब्धि देश को वित्त वर्ष 2025-26 तक राजकोषीय घाटे (FD) को सकल घरेलू उत्पाद के 4.5% से नीचे लाने के लक्ष्य की ओर अग्रसर करती है।<br><br>इस सफलता के दो रणनीतिक स्तंभ हैं:<br><br>**राजस्व में संवृद्धि**: इसका मुख्य कारण मज़बूत, गैर-ऋण-निर्माण राजस्व वृद्धि रही। सकल कर प्राप्तियों (GTR) में तेज़ी आई, वस्तु एवं सेवा कर (GST) से प्राप्तियाँ सुदृढ़ रहीं, जिसने नए कीर्तिमान स्थापित किए, साथ ही साथ सरकारी लाभांश से प्राप्त उच्च गैर-कर प्राप्तियाँ भी हुईं। यह विस्तृत कराधान तथा आर्थिक औपचारिकरण का संकेत है।<br><br>**रणनीतिक पूँजीगत व्यय:** महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकार द्वारा पूँजीगत व्यय (कैपेक्स) बढ़ाने के बावजूत भी घाटे में कमी हासिल हुई। यह रणनीति बुनियादी ढाँचे और परिसंपत्ति निर्माण में निवेश की प्राथमिकता सुनिश्चित करती है जो कि उत्पादक क्षमता को प्रोत्साहित करके और निजी निवेश को बढ़ावा देकर दीर्घकालिक आर्थिक विकास में बाधा डालने के बजाय राजकोषीय अनुशासन में सहयोग प्रदान करती । वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूँजीगत व्यय को घटाकर 4.9% करने का लक्ष्य रखा गया है।<br><br>(I) दिए गए अनुच्छेद से सरकारी बजट के राजस्व प्राप्ति और पूँजीगत व्यय घटकों की पहचान कीजिए और व्याख्या कीजिए।<br>(II) दिए गए अनुच्छेद द्वारा सुझाए गए घटते राजस्व घाटे के सकारात्मक निहितार्थ पर विस्तार से व्याख्या कीजिए। | <br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>3<br><br>3 |
| | **खण्ड: ख (भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास)** | |
| 18 | 1991 के वित्तीय सुधारों के अंतर्गत शुरू किए गए निम्नलिखित में से किस सुधार ने निजी क्षेत्र द्वारा म्यूचुअल फंड जैसी संस्थाओं की स्थापना की अनुमति दी?<br>**(सही विकल्प का चयन कीजिए ।)**<br>**विकल्प: -**<br>क) ब्याज दरों का विनियमन<br>ख) वैधानिक तरलता अनुपात (SLR) में कमी<br>ग) RBI की भूमिका में परिवर्तन<br>घ) निजी और संयुक्त क्षेत्र को वित्तीय संस्थानों के लिए खोलना | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 19 | व्यापार की दिशा के संदर्भ में ब्रिटिश शासन के दौरान भारत के विदेशी व्यापार की स्थिति क्या थी?<br>**(सही विकल्प का चयन कीजिए ।)**<br>**विकल्प: -**<br>क) सभी यूरोपीय देशों के साथ मुक्त व्यापार।<br>ख) भारत के निर्यात पड़ोसी देशों तक सीमित था।<br>ग) आधे से ज़्यादा व्यापार ग्रेट ब्रिटेन तक ही सीमित था।<br>घ) ब्रिटेन की भारत के विदेशी व्यापार में कोई भागीदारी नहीं थी। | 1 |
| 20 | मानव पूँजी को सबसे अच्छे प्रकार से वर्णित किया जा सकता है:-<br>**(सही विकल्प का चयन कीजिए ।)**<br>**विकल्प: -**<br>क) किसी व्यवसाय के स्वामित्व वाली एक मूर्त संपत्ति।<br>ख) विभिन्न व्यवसायों में पूर्णतः गतिशील और कुशल।<br>ग) लोगों में निहित कौशल, योग्यताएँ और ज्ञान।<br>घ) अपने स्वामी के भौतिक शरीर से पृथक। | 1 |
| 21 | निम्लिखित कथनों को पढिये – अभिकथन (A) और कारण (R)- सही विकल्प का चयन कीजिए ।<br><br>**अभिकथन (A)** - तकनीकी सुधारों (हरित क्रांति) के कार्यान्वयन ने भारतीय किसान को वाणिज्यिक बैंकों पर निर्भर बना दिया।<br>**कारण (R)** - उच्च उपज देने वाली किस्म (HYV) के बीज, उर्वरक और मशीनरी खरीदने के लिए छोटे और सीमांत किसानों को ऋण की आवश्यकता होती है।<br><br>**विकल्प:-**<br>(क) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और दिया गया कारण, अभिकथन की सही व्याख्या करता है \|<br>(ख) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और दिया गया कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं करता है \|<br>(ग) अभिकथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है \|<br>(घ) अभिकथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है \| | 1 |
| 22 | किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन ने अनौपचारिक क्षेत्र के उद्यमों की समस्याओं और आधुनिकीकरण की आवश्यकता पर सरकार का ध्यान केंद्रित करने के लिए निरंतर प्रयास किए?<br>**(सही विकल्प का चयन कीजिए ।)**<br>**विकल्प: -**<br>(क) विश्व बैंक (WB)<br>(ख) विश्व व्यापार संगठन (WTO)<br>(ग) अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO)<br>(घ) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) | 1 |
| 23 | आर्थिक गतिविधियों के वर्गीकरण के आधार पर, निम्नलिखित में से कौन सा समूह तृतीयक क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता है?<br>**(सही विकल्प का चयन कीजिए ।)**<br>**विकल्प: -**<br>(क) कृषि और खनन एवं उत्खनन।<br>(ख) निर्माण, विनिर्माण और विद्युत, गैस एवं जल आपूर्ति।<br>(ग) परिवहन और भंडारण, व्यापार और सेवाएँ।<br>(घ) निर्माण, सेवाएँ और कृषि। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 24 | आधुनिक युग में संसाधनों के दोहन और पर्यावरण अपक्षय की बढ़ती गति के मुख्यतः कारण हो सकते हैं:<br>**(सही विकल्प का चयन कीजिए ।)**<br>**विकल्प: -**<br>(क) औसत वैश्विक तापमान में स्थिरता।<br>(ख) जनसंख्या घनत्व का घटता स्तर।<br>(ग) उत्पादन और उपभोग का व्यापक स्तर।<br>(घ) तकनीकी प्रगति का अभाव। | 1 |
| 25 | कॉलम I में दिए गए तथ्यों के समूह और कॉलम II में दिए गए संगत तथ्यों में से, कथनों के *सही* युग्म का चयन कीजिए: | 1 |

| | कॉलम I | | कॉलम II |
|---|---|---|---|
| अ | पशुपालन | (i) | आय में अस्थिरता |
| ब | बागवानी | (ii) | फसल विविधीकरण और स्थिर आय में योगदान |
| स | मत्स्य पालन | (iii) | आधे से अधिक महासागरीय क्षेत्र से प्राप्त |
| द | कृषि प्रसंस्करण उद्योग | (iv) | प्राथमिक क्षेत्र का भाग |

**विकल्प:-**
क) अ - (i)
ख) ब - (ii)
ग) स - (iii)
घ) द - (iv)

| | | |
|---|---|---|
| 26 | किसानों के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करने और कीमतों के अत्यधिक उतार-चढ़ाव से बचाने के लिए सरकार द्वारा कौन सा उपाय किया गया ?<br>**(सही विकल्प का चयन कीजिए ।)**<br>**विकल्प: -**<br>क) बाजारों का विनियमन<br>ख) सहकारी विपणन<br>ग) ग्रेडिंग और मानकीकरण का प्रावधान<br>घ) न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) का आश्वासन | 1 |
| 27 | निम्नलिखित कथनों को पढिये - कथन (1) और कथन (2), दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए ।<br>**कथन (1)** - महान सर्वहारा सांस्कृतिक क्रांति चीन में एक आर्थिक सुधार था, जो औद्योगीकरण पर केंद्रित था।<br>**कथन (2)** - चीन में आधुनिक भूमि सुधारों के लागू होने से पूर्व कृषि में 'कम्यून प्रणाली' अपनाई गई थी।<br>**विकल्प:**<br>क) कथन (1) सत्य है लेकिन कथन (2) असत्य है।<br>ख) कथन (1) असत्य है लेकिन कथन (2) सत्य है।<br>ग) कथन (1) और कथन (2) दोनों सत्य हैं।<br>घ) कथन (1) और कथन (2) दोनों असत्य हैं। | 1 |
| 28 | 1980 के दशक में पाकिस्तान की आर्थिक संवृद्धि भारत से बेहतर थी, लेकिन बाद में भारत ने पाकिस्तान को पीछे छोड़ दिया। सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में वृद्धि और क्षेत्रीय योगदान से संबंधित उचित तर्को सहित उत्तर की पुष्टि कीजिए। | 3 |

29 (A) चित्र में दर्शाई गई संरचना के प्रकार को पहचान कीजिए तथा इसके दो लाभ बताइए। 3



**दृष्टि -बाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न 29(A) के स्थान पर:-**

धारणीय खेती के लिए अपनाए जा सकने वाले किन्हीं दो उपायों को बताइए और उनकी व्याख्या कीजिए। 3

**अथवा**

(B) सतत विकास को परिभाषित कीजिए। भारत में सतत विकास को प्राप्त करने के लिए प्रदूषण को नियंत्रित और प्रबंधित करना किस प्रकार महत्वपूर्ण है। 3

30 एक उपयुक्त उदाहरण की सहायता से स्व-नियोजित श्रमिक और अनियत वेतनभोगी श्रमिक के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए। भारत में कार्यबल के अनियतीकरण के दो संभावित कारण बताइए और व्याख्या कीजिए। 4

31 भारतीय अर्थव्यवस्था पर ब्रिटिश शासन के किन्हीं दो प्रतिकूल और दो सकारात्मक प्रभाव बताइए और व्याख्या कीजिए। 4

32 (A)

I. निम्नलिखित कथन की पुष्टि कीजिए: "औद्योगिक नीति प्रस्ताव (IPR) 1956 ने भारत के औद्योगिक विकास में सार्वजनिक क्षेत्र के प्रभुत्व की नींव रखी।" 2

II. भारत में भू - सुधार उपायों, जैसे बिचौलियों के उन्मूलन, के कार्यान्वयन में चुनौतियों का सामना क्यों करना पड़ा? किन्हीं दो कारणों की व्याख्या कीजिए। 2

**अथवा**

(B)

I. किन्हीं दो कारणों की व्याख्या कीजिए जिन्होंने भारत सरकार को 1991 में नई आर्थिक नीति (NEP) लागू करने के लिए बाध्य किया। 2

II. भारतीय अर्थव्यवस्था पर वैश्वीकरण का, विशेष रूप से घरेलू उद्योगों पर प्रभाव के संबंध में, नकारात्मक परिणामों की व्याख्या कीजिए। 2

33 (A) दी गई तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए:

जीवन प्रत्याशा

| वर्ष | पुरुष | महिला | कुल |
|---|---|---|---|
| 1951 | 32.5 | 31.7 | 32.1 |
| 1991 | 58.6 | 59 | 58.7 |
| 2001 | 61.6 | 63.3 | 62.5 |
| 2011 | 62.6 | 64.2 | 63.5 |

*(Source : Registrar General of India)*

| | | |
|---|---|---|
| | I. ऊपर वर्णित जनसांख्यिकीय सूचक को परिभाषित कीजिए और उसका महत्व बताइए।<br><br>II. वर्ष 1951 और 2011 के बीच उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए रुझानों का तुलनात्मक विश्लेषण कीजिए। परिवर्तन के संभावित कारणों पर भी प्रकाश डालिए।<br><br>**अथवा**<br><br>**(B)**<br><br>I. "शिक्षा केवल आय का स्रोत ही नहीं है, बल्कि सामाजिक और मनोवैज्ञानिक कल्याण का भी स्रोत है।" दिए गए कथन की पुष्टि उचित तर्कों सहित कीजिए।<br><br>II. बुनियादी शिक्षा तक सार्वभौमिक पहुँच प्राप्त करने में भारत के सामने आने वाली चुनौतियों की व्याख्या कीजिए। शिक्षा पर सार्वजनिक व्यय बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा अपनाए जा सकने वाले दो नीतिगत उपायों का सुझाव दीजिए। | 2<br><br>4<br><br><br><br><br><br>3<br><br>3 |
| 34 | (A)<br>(I) हरित क्रांति के कार्यान्वयन के बावजूद, 1990 तक भारत की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या कृषि क्षेत्र में संलग्न रही। क्यों ?<br>(II) भारत की स्वतंत्रता की पूर्व संध्या पर औद्योगिक क्षेत्र की स्थिति की व्याख्या कीजिए।<br><br>**अथवा**<br><br>(B)<br>(I) "सरकार की नवरत्न नीति भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मददगार है।' उचित कारण सहित उपरोक्त कथन का समर्थन एवं खंडन कीजिये ।<br>(II) भारत की विकास रणनीति में 'आधुनिकीकरण' को केंद्रीय नियोजन उद्देश्य के रूप में चयन के पीछे तर्क की व्याख्या कीजिए। | 4<br><br>2<br><br><br><br>3<br><br>3 |